दो शेरों का जोड़ा दरवाजे खड़ा रे

दो शेरों का जोड़ा दरवाजे खड़ा रे,
आए रही मैया भजन करो रे,
भजन करो रे भजन करो रे.........

पैर मैया के पायल सोहे,
पायल सोहे पायल सोहे,
बिछुए में मैया क्या सज रही रे,
आए रही मैया भजन करो रे......

अंग मैया के साड़ी सोहे,
साड़ी सोहे साड़ी सोहे,
लहंगे में मैया क्या सज रही रे,
आए रही मैया भजन करो रे......

हाथ मैया के कंगना सोहे,
कंगना सोहे कंगना सोहे,
चूड़ी में मैया क्या सज रही रे,
आए रही मैया भजन करो रे......

गले मैया के हार सोहे,
हार सोहे हार सोहे,
माला में मैया क्या सज रही रे,
आए रही मैया भजन करो रे......

कान मैया के कुंडल सोहे,
कुंडल सोह कुंडल सोहे,
झुमके में मैया क्या सज रही रे,
आए रही मैया भजन करो रे......

नाक मैया के नथनी सोहे,
नथनी सोहे नथनी सोहे,
लोंग में मैया क्या सज रही रे,
आए रही मैया भजन करो रे......

माथे मैया के बिंदिया सोहे,
बिंदिया सोहे बिंदिया सोहे,
टीके में मैया क्या सज रही रे,
आए रही मैया भजन करो रे......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31089/title/do-shero-ka-joda-darwaje-khada-re

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |